भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1440
गुरुवार, 13 फ़रवरी, 2025/24 माघ, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश में विमानपत्तन का निर्माण

1440. श्री आर. के. चौधरीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नोएडा अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है और इसे कब तक प्रचालनशील बनाए जाने की संभावना है;

(ख) उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कितने विमानपत्तन निर्माणाधीन/प्रस्तावित हैं और उनके पूरा किए जाने की संभावित तिथि क्या है; और

(ग) अयोध्या विमानपत्तन के विकास की क्या योजना है और यह पर्यटकों की बढ़ती मांग को किस प्रकार पूरा करेगा?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): भारत सरकार (जीओआई) ने उत्तर प्रदेश के नोएडा (जेवर) में अंतर्राष्ट्रीय ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि (पीडीसी), वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में है।

हवाईअड्डों पर अवसंरचना का विस्तार और विकास एक सतत प्रक्रिया है और इसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा समय-समय पर भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक सरोकारों, यातायात की मांग और एयरलाइनों की ऐसे हवाईअड्डों के लिए/हवाईअड्डों से परिचालन करने की स्वेच्छा के आधार पर किया जाता है।

(ग): यात्री यातायात में अनुमानित वृद्धि के दृष्टिगत, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अयोध्या हवाईअड्डे के विस्तार का कार्य आरंभ किया है, जिसमें रनवे की लंबाई 1550 मीटर से बढ़ाकर 3750 मीटर की जाएगी। स्वीकृत मास्टर प्लान के अनुसार, 50000 वर्ग मीटर यात्री क्षेत्र वाले नए टर्मिनल भवन की भी योजना बनाई गई है, जो प्रति वर्ष 60 लाख यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगा।

******